तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 8 अगस्त 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



4 केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




# सबसे पहले शुरू हुई जल जीवन मिशन योजना फिर भी पानी सप्लाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी टंकी निर्माण होने और घरों तक पाइप लाइन विस्तार होने व पर्याप्त पानी की व्यवस्था होने के बाद भी गांव के लोगों को पेयजल की सुविधा नहीं मिल पा रही है। ग्रामीण आज भी कुआं-हैंडपंप से पानी लेकर अपना जीवन यापन कर रहे है। जिले का पहला गांव जहां इस योजना को शुरू किया गया लेकिन दो महीने के बाद ही पानी मिलना बंद हो गया। इसका प्रमुख कारण विद्युत विभाग को बिल का भुगतान नहीं करना है। विद्युत बिल बकाया होने के कारण विभाग ने कनेक्शन काट दिया है। हैरानी की बात तो यह है कि कनेक्शन कटने के बाद ग्राम पंचायत की ओर से इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई।

सरगुजा के ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना खस्ताहाल हो चुकी है। कहीं पानी टंकी का निर्माण नहीं हुआ तो कहीं पाइप लाइन ही नहीं बिछ पाई है। किसी ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य पूर्ण हो गया लेकिन पानी का सोर्स उपलब्ध नहीं है ऐसे में इस योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को नहीं मिल पा रहा है। अब जिला प्रशासन पानी के सोर्स खोज कर बोर करने का काम कर रहा है ताकि लोगों के घरों तक पानी पहुंचाई जा सके लेकिन इन सब के अलावा भी कई कारण है जिससे लोगों को पेयजल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसा ही एक मामला सुखरी के कालापारा में सामने आया है जहां जहां आज जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी सप्लाई बंद हो गई है। सुखरी का कालापारा ऐसा पंचायत है जहां सबसे पहले जल जीवन मिशन के कार्य स्वीकृत हुए और निर्माण कार्य पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति भी शुरू की गई। दो महीने तक लोगों के घर घर पानी की सप्लाई की गई लेकिन उसके बाद से ही यह योजना बंद पड़ी है और ग्रामीण आज भी गांव के हैंडपंप और कुंआ से पानी लेकर अपना जीवन यापन कर रहे है। बारिश के दिनों में ग्रामीणों को कुंआ का पानी पीना पड़ रहा है जबकि गांव के घर घर में नल कनेक्शन पहुंच चुका है।

## ग्राम पंचायत ने नहीं किया विद्युत बिल का भुगतान, कटा कनेक्शन, सुखरी कालापारा का मामला

### मेंटेनेंस की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की

जल जीवन मिशन के तहत पानी सप्लाई शुरू होने के बाद इसके रखरखाव और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पानी सप्लाई शुरू करने के बाद ग्राम पंचायत को हैंड ओवर किया जाता है। ग्राम पंचायत को ही तय करना होता है कि वह इसके मेंटेनेंस के लिए कितना यूजर चार्ज जनता से वसूल करेंगे। इसी यूजर चार्ज से जल जीवन मिशन के बिजली बिल व अन्य मेंटेनेंस का कार्य करना होता है।



### नहीं किया गया है भुगतान

ग्राम पंचायत कालापारा का विद्युत बिल बकाया है। कनेक्शन दिनांक से अब तक बिल का भुगतान नहीं किया गया जिससे कनेक्शन काटा गया था।

-आर नागवंशी
ईई ग्रामीण

### कनेक्शन लेने के बाद नहीं पटाया बिल

कालापारा गांव में सबसे पहले योजना शुरू होने के बाद भी लोगों को पानी सप्लाई नहीं होने के कारण की जब पड़ताल की गई तो पता चला कि ग्राम पंचायत को जल जीवन मिशन के तहत पानी सप्लाई करने में खर्च होने वाले विद्युत भार का बिल जमा करना था लेकिन ग्राम पंचायत ने कनेक्शन लेने के बाद से बिजली बिन नहीं पटाया। ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण कनेक्शन कट गया और ग्रामीणों को योजना के बंद होने की सही कारणों की जानकारी भी नहीं दी गई है। ग्राम पंचायत कालापारा का कुल विद्युत बिल बकाया राशि 57 हजार 610 रुपए है। विभाग की ओर से नवम्बर 2024 को विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर दिया गया था।


आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मो. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर


## खबर संक्षेप

### अब से प्रत्येक सोमवार को सुबह 11 बजे से होगा जनदर्शन

**अम्बिकापुर।** जिले में प्रत्येक सप्ताह आयोजित की जाने वाली समय-सीमा बैठक एवं जनदर्शन कार्यक्रम की पूर्व निर्धारित समय-सारणी में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधित व्यवस्था के अनुसार अब जनदर्शन कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11 बजे से एवं समय-सीमा की बैठक प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 10 बजे से आयोजित की जाएगी। पूर्व में जनदर्शन दोपहर 12 बजे एवं समय-सीमा की बैठक सोमवार प्रातः 10 बजे आयोजित की जाती थी, जिसे अब नवीन रूप से संशोधित करते हुए यह व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने सभी जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तथा तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे संशोधित समय अनुसार जनदर्शन एवं समय-सीमा बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करें, ताकि आम जनता की शिकायतों एवं विभागीय कार्यों का त्वरित समाधान किया जा सके।

### केंद्रीय जेल में रक्षाबंधन पर्व मनाने दिशा-निर्देश जारी

**अम्बिकापुर।** जेल मुख्यालय, छत्तीसगढ़ नवा रायपुर के निर्देशानुसार केन्द्रीय जेल अम्बिकापुर में निरूद्ध पुरुष-महिला बंदियों को रक्षाबंधन का पावन पर्व हेतु 9 अगस्त को कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। केंद्रीय जेल अम्बिकापुर के जेल अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षात्मक पहलुओं को मद्देनजर रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि रक्षाबंधन का पर्व शांतिपूर्ण, बिना किसी व्यवधान के संपन्न किया जा सके। उन्होंने बताया कि केवल 2 बहनों को एक बंदी भाई से मिलने की अनुमति होगी। इस दौरान 100 ग्राम पैक सोनपापड़ी ही साथ में लाने की अनुमति होगी। आधार कार्ड पंजीकरण के लिए अनिवार्य होगा, राखी बांधने के लिए 20 मिनट का समय का समय निर्धारित किया गया है। प्रतिबंधित सामग्री जैसे मोबाइल, रुपए-पैसे, तम्बाकू या तंबाकू जनित पदार्थ, गांजा, चरस व अन्य नशीले पदार्थ किसी भी रूप में स्वीकार नहीं होंगे, यह पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएग।

### क्रीड़ा परिसर महाराजगंज में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**बलरामपुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि क्रीड़ा परिसर महाराजगंज में रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए 16 से 19 जून एवं 27 व 28 जून तक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजगंज के परिसर में शारीरिक परीक्षण लिया गया था। उक्त शारीरिक परीक्षण में भाग लेने वाले छात्रों का मेरिट सूची का भी प्रकाशन किया गया था। वर्तमान में संस्था प्रवेश हेतु चयन सूची जारी किया गया है। संबंधित छात्र-अभिभावक संस्था के अधीक्षिका श्रीमती विनीता भगत से संपर्क कर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करा सकते हैं। प्रवेश के समय कक्षा 5वीं, 6वीं, 7वीं, 8वीं, 10वीं की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 04 नग फोटो, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, अभिभावक का आधार कार्ड एवं फोटो लाना अनिवार्य है।

### अतिथि शिक्षकों की पूर्ति के लिए मेरिट सूची जारी

बलरामपुर। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी दी है कि जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में रिक्त पदों पर अतिथि शिक्षकों की पूर्ति हेतु वॉक इन इंटरव्यू 31 जुलाई एवं 1 अगस्त को आयोजित की गई थी। वॉक इन इंटरव्यू के पश्चात अभ्यर्थियों के शैक्षणिक दस्तावेजों एवं जारी चयन के आधार पर मेरिट सूची जारी किया गया है।

## बारिश खत्म होने से पहले टेंडर प्रक्रियाएं पूर्ण करने के निर्देश

# जर्जर सड़कों से मुक्ति दिलाने ननि सरकार ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

**खास बात**

■ लापरवाही पर लगाई फटकार

शहर की जर्जर सड़कों से लोगों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने लोक निर्माण विभाग और एनएच के अधिकारियों की बैठक ली। समय रहते जर्जर सड़कों का मरम्मत नहीं किए जाने को लेकर उन्होंने जमकर फटकार लगाई। इस दौरान उन्होंने एनएच विभाग को जल्द से जल्द गड्ढों को भरवाने के निर्देश दिए इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग को बारिश खत्म होते ही सड़कों के डामरीकरण का कार्य पूर्ण करने को कहा गया है।

बता दें कि वर्तमान में शहर के सड़कों की हालत बेहद खराब है। सड़कें पहले से जर्जर थी, बारिश के दौरान वाहनों के आवागमन से सड़कों की हालत और भी दयनीय हो गई है। सडक पर बने गड्ढों के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। सड़क की खस्ताहाल स्थिति को लेकर विपक्ष भी हमलावर है तो शहर के कई लोग सड़क दुर्घटना के शिकार होने के बाद खुद महापौर के पास शिकायत करने पहुंच रहे थे। ऐसे में 6 अगस्त को महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने एमआईसी सदस्यों व पार्षदों के साथ लोक निर्माण विभाग, एनएच के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जर्जर सड़कों के कारण लोगों को हो रही परेशानियों और समय पर मरम्मत का कार्य नहीं कराए जाने को लेकर उन्होंने गहरी नाराजगी जाहिर की अधिकारियों को जमकर फटकर लगाई।

बैठक में सभापति हरमिन्दर सिंह (टिन्नी), लोनिवि प्रभारी मनीष सिंह, वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे, एमआईसी सदस्य श्रीमती श्वेता गुप्ता, जितेन्द्र सोनी, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, श्रीमती ममता तिवारी, दुधनाथ गोस्वामी, रविन्द्र गुप्त भारती, विक्रांत उरांव, शैलेन्द्र सिंह, डॉ. शिवमंगल सिंह, राहुल त्रिपाठी, मनोज कंसारी, निरंजन दास, आकाश गुप्ता, अनिल तिवारी एवं निगम के अभियन्ता गण उपस्थित थे।



बैठक में अधिकारियों से चर्चा करतीं महापौर।

### मुख्य सड़कें लोनिवि व एनएच के पास

सबसे बड़ी बात यह है कि शहर की प्रमुख और व्यसायिक सड़कें या तो लोक निर्माण विभाग के पास है या फिर एनएच के अधीन है। शहर का देवीगंज रोड, सदर रोड एनएच के पास है। ब्रम्ह रोड, महामाया अरोड़, रिंग रोड, गुदरी चौक से प्रतापपुर चौक मिशन रोड सहित अन्य सड़कें लोक निर्माण विभाग के अधीन है। इन सड़कों की हालत भी खराब है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। यही वजह है कि महापौर ने अधिकारियों की बैठक ली

### स्वीकृत है करोड़ो के कार्य

बड़ी बात यह है कि शहर में लोगों को जर्जर सड़कों से मुक्ति दिलाने के लिए पूर्व में ही 326 करोड़ की लागत प्रमुख 5 प्रवेश मार्गों का जीर्णोधार की योजना बनाई गई है और डीपीआर तैयार कर शासन को अंतिम स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इनमें एमजी रोड, बनारस रोड, रामानुजगंज रोड, भारत माता चौक से दरिमा रोड, बिलासपुर रोड की सड़क शामिल है। वहीं शहर की निगम के अधीन सड़कों के लिए 7 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया गया चुका है जबकि अन्य कार्यों के लिए भी राशि स्वीकृत है। तीन से चार करोड़ की लागत से पैच रिपेयरिंग की भी योजना है।

### अधिकारियों ने कहा बारिश के बाद होगा कार्य

बैठक में एनएच ईई ने बताया कि वर्षाकाल में गिट्टी-मटेरियल से गड्ढे भरने का काम किया जा रहा है। शंकर घाट, असोला के आसपास मरम्मत कार्य चल रहा है। मेयर श्रीमती भगत ने अम्बेडकर चौक के आगे निगम एवं नेशनल हाईवे के संयुक्त प्रयास से जल निकास की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं लोनिवि ईई वीरेन्द्र चौधरी द्वारा वर्षाकाल के तुरंत बाद नगर के पीडब्ल्यूडी के सड़कों को बीटी पैच करने हेतु आश्वस्त किया गया। उनके द्वारा बनारस रोड में पैचवर्क होने की जानकारी प्रदान की गयी। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के द्वारा लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाईवे, एवं नगर निगम के अभियंताओं को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि आवश्यकतानुसार जगह-जगह पर तेजी से मरम्मत कार्य करें एवं कोई कोताही न बरतें, और नागरिकों के आवागमन सुविधा का ध्यान रखें।

### बारिश खत्म होते ही होगा निर्माण

शहर की सड़कों के मरम्मत को लेकर विभागों की बैठक ली गई है। वर्तमान में गड्ढों को भरने के निर्देश दिए गए है ताकि लोगों को राहत दिलाई जा सके। अक्टूबर महीने में सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू कराया जाएगा इसके लिए अभी से टेंडर प्रक्रियाएं पूर्ण करने को लेकर समीक्षा की गई है।

-श्रीमती मंजूषा भगत
महापौर



घटना स्थल पर मृतक।

# डबरी में नहाने के दौरान डूबने से बुजुर्ग दम्पति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनपुर

■ बेलदगी क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

डबरी में नहाने के दौरान डूबने से बुजुर्ग दम्पति की मौत हो गई। संभावना जताई जा रही है कि महिला नहाते समय डूब रही थी जिसे बचाने के दौरान पति भी डूब गया और दोनों की एक साथ जल समाधी बन गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम बेलदगी निवासी 65 वर्षीय करीमन पंडो आ. मांझी राम पंडो पत्नी 60 वर्षीया केंदी पंडो के साथ सुबह 9 बजे घर के समीप स्थित डबरी में नहाने के लिए आई हुई थी लेकिन दोनो वापस नहीं लौटे। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे एक युवक रामधन ने डबरी में दोनो को डूबते देखा था और घर जाकर उसके पुत्र करम साय को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे करम साय ने माता-पिता की खोजबीन की लेकिन तब तक दोनों डूब गए थे। युवक ने किसी तरह अपने माता पिता को पानी से बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई थी। युवक ने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी इसके साथ ही सरपंच ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना को लेकर पुलिस का कहना है कि रात के समय दम्पति ने शराब पीया था और गुरुवार को भी दोनों नशे में थे। संभावना है कि पहले नहाने के लिए महिला पानी में उतरी थी और आगे डबरी में पानी गहरा था। इसी दौरान महिला डूबने लगी और डूब रही पत्नी को बचाने के लिए कूदा बुजुर्ग पति भी पानी में डूब गया। फिलहाल इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच चल रही है।

# अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल परियोजना छग की जनभावना : पाण्डेय

■ पूर्व विधायक ने कहा- विधानसभा में पारित प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की पहल करें मुख्यमंत्री

**अम्बिकापुर।** सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व विधायक वीरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विधानसभा ने 26 जुलाई 2024 को सर्वसम्मति से अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन निर्माण का प्रस्ताव पारित कर प्रदेश की जनभावना का सम्मान किया था। मुख्यमंत्री जनभावना के अनुरूप इसे बढ़ाएं तथा केंद्रीय बजट में शामिल करने की पहल करें।




उन्होंने कहा कि यह रेल परियोजना केवल जनभावना के अनुरूप नहीं बल्कि राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह रेलवे की जेब भरेगी एवं जनता को कम समय एवं कम खर्च में आवागमन की सुविधा प्रदान करेगी। अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल परियोजना का सर्वे आजादी मिलने के बाद से ही चल रहा है तथा रेलवे अब तक 12 बार सर्वे करा चुकी है। हर बार रेलवे ने इसे घाटे की परियोजना बता नकारा है। अम्बिकापुर-रेणुकूट परियोजना को कोरबा से जोड़ दिया जाए तो इससे बड़े क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे। इस परियोजना के समर्थन में यूपी, एमपी, झारखण्ड एवं छत्तीसगढ़ के सांसदों ने रेल मंत्रालय को पत्र लिखा है। उड़ीसा के जनप्रतिनिधियों ने भी इस संबंध में चर्चा करने सदस्यों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि अनेक लोग बरवाडीह की भौगोलिक स्थिति के बारे में नहीं जानते लेकिन आजादी के पूर्व से इसकी चर्चा होने एवं बार-बार सर्वे होने के कारण इसकी बात उठाते है। कुछ ऐसी शक्तियां भी हैं जो इस परियोजना को पलीता लगाने का काम कर रही है। यह परियोजना ▶▶ शेष पेज 4 पर

# पेशी के लिए तहसील कार्यालय आए सेवानिवृत्त शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बतौली/सेदम

■ कुर्सी में बैठे बैठे हुए बेहोश, अस्पताल में किया गया मृत घोषित

गुरुवार को तहसील कार्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया जब पेशी में आए एक व्यक्ति की अचानक हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। कोर्ट के बाहर सुनवाई के लिए अपनी बारी का इन्तजार कर रहे सेवानिवृत्त शिक्षक को अटैक आया। आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बता दें कि गुरुवार को बतौली तहसील कार्यलय में लिंक कोर्ट का संचालन किया जाता है। 7 अगस्त को भी लिंक कोर्ट में एसडीएम नीरज कौशिक राजस्व प्रकरणों की सुनवाई कर रहे थे। इसी कोर्ट में पेशी के लिए ग्राम सरमना निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक 70 वर्षीय सहदेव पैकरा आ. भद्र पैकरा भी आए हुए थे। बुजुर्ग श्री पैकरा कोर्ट कक्ष के बाहर कुर्सी में बैठकर अपनी प्रकरण की बारी का इन्तजार कर रहे थे इसी दौरान वे अचानक से बेहोश होकर गिर पड़े। रिटायर्ड शिक्षक के बेहोश होने के बाद परिसर में हड़कंप मच गया। आनन फानन में उन्हें परिजन द्वारा उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



### 4 वर्षों से चल रहा है जमीन बंटवारे का प्रकरण

बताया जा रहा है कि रिटायर्ड शिक्षक के जमीन बंटवारे का प्रकरण पिछले चार वर्षों से चल रहा है। मृतक के नाती जय पैंकरा ने बताया कि दादा बंटवारा प्रकरण की सुनवाई में 11 बजे पेशी आए थे और अपनी बारी का इन्तजार कर रहे थे। इसी दौरान दोपहर 1 बजे वे चक्कर खाकर गिर गए जिससे उनकी मौत हो गई। जमीन का प्रकरण पिछले 4 सालों से चल रहा है और वे बुजुर्ग होने के बाद भी लगातार पेशी में आ रहे थे। इस घटना से परिवार सदमे में है।

### हार्ट अटैक से मौत

बुजुर्ग पेशी में आए थे। यह उनके पारिवारिक विवाद का प्रकरण था। बुजुर्ग को हार्ट अटैक आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई।

-नीरज कौशिक, एसडीएम

## लोगों के स्वास्थ्य के लिए घातक

# त्यौहारी सीजन में बाहरी प्रांतों से मंगाकर खपाया जा रहा सिंथेटिक पनीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

त्यौहारी सीजन के राखी, स्वतंत्रता दिवस, गणेश चतुर्थी के मद्देनजर खानपान की चीजों की डिमांड काफी अधिक बढ़ जाती है,ऐसे में मिलावटी चीजों का धंधा करने वालों की चांदी हो रही है,वर्तमान में बिश्रामपुर क्षेत्र के डेयरी व होटलों में छत्तीसगढ़ सीमावर्ती राज्यों से सिंथेटिक पनीर व मिलावटी खोवा खपाए जाने की खबर है।

प्राप्त जानकारी अनुसार सबसे अधिक सिंथेटिक पनीर की सप्लाई उत्तरप्रदेश के बनारस से बस के माध्यम से कराई जा रही है,उक्त केमिकल युक्त सिंथेटिक पनीर सामान्य तरीके से दूध से तैयार किये गये पनीर से काफी सस्ते दाम में होटल संचालकों और डेयरी संचालकों को मिल जाता है, इसमें अच्छी खासी मार्जिन व मुनाफा भी मिल जाता है,मार्केट रेट में बिक रहे ओरिजनल पनीर की तुलना में सिंथेटिक पनीर 50 रुपये से 100 रुपये प्रति किलो सस्ता बेच दिया जाता है, इस कारण से शादियों में केटरिंग सर्विस, होटलों व डेयरी में सिंथेटिक पनीर की मांग और खपत काफ़ी ज्यादा है,केमिकल युक्त सिंथेटिक पनीर की सप्लाई क्षेत्र में बेधड़क जारी है,आमजनों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है,लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारी बेसूध हैं,न ही किसी होटल व डेयरी में सर्वे होता है और न ही किसी भी तरह का सैंपल लेकर जांच होती है,खाद्य विभाग की तथाकथित मिलीभगत से डेयरी व होटल संचालकों की मौज है,वहीं आम नागरिक जानकारी के अभाव में जानलेवा घातक सिंथेटिक पनीर का सेवन अनजाने में कर रहे हैं जिसमें बच्चे व महिलाएं भी शामिल हैं।

इस सम्बन्ध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ बीएमओ डॉ अमित भगत ने बताया कि मिलावटी सिंथेटिक पनीर केमिकल युक्त होता है। इसको शरीर से निकालने व ड्रेन करने के लिए लिवर व किडनी में विपरीत असर पड़ता है। लंबे समय तक केमिकल युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से इंटरनल बॉडी पाट्र्स डैमेज हो सकते हैं, यह जानलेवा हो सकता है।

### डिटर्जेन्ट, यूरिया, स्टार्च व शैम्पू से मिलकर तैयार हो रहा सिंथेटिक पनीर

प्राप्त जानकारी अनुसार केमिकल युक्त सिंथेटिक पनीर को उत्तर प्रदेश स्थित कारखानों में शैम्पू,यूरिया,स्टार्च पाउडर व डिटर्जेंट मिलाकर काफी कम लागत में भारी मात्रा में सिंथेटिक पनीर तैयार किया जाता है, फिर इसके बाद छोटे पैकेटस बनाकर बस के माध्यम से इसकी सप्लाई करने की तैयारी की जाती है,सुबह तड़के बस से उतरवाकर सम्बंधित जगहों पर मिलावटी पनीर की खेप बिक्री के लिए पहुँच जाती है।

### होती है कार्रवाई

समय समय पर डेयरी व होटलों से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाता है। मिलावट पाए जाने पर सम्बंधितों के विरुद्ध नियम अनुसार कार्यवाही की जाती है। इसके लिए जांच टीम गठित की गई है।

-नितेश मिश्र
प्रभारी सहायक आयुक्त खाद्य

**खबर संक्षेप**

## ग्राम पंचायत गढ़वार में जागरूकता कार्यक्रम




**मनेन्द्रगढ़।** जिले के विकासखंड भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़वार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम ने ग्रामीणों को स्वच्छता, शुद्ध पेयजल और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। टीम द्वारा डायरिया से बचाव के उपाय, सही ढंग से हाथ धोने की विधि और दैनिक जीवन में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को जलजनित रोगों से बचाना और स्वच्छ जल व स्वच्छता के प्रति सतत प्रेरित करना रहा।

## समर्था सेवा समिति ने मनाया सावन उत्सव




**कोरिया कॉलरी।** चिरमिरी क्षेत्र के गोदरीपारा में समर्था सेवा समिति के तत्वाधान में मंगलवार को सावन उत्सव का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में क्षेत्र की 50 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सावन के उल्लास को गीत, नृत्य और पारंपरिक खेलों के माध्यम से जीवंत किया। कार्यक्रम का नेतृत्व समिति की अध्यक्ष रीता आईच ने किया। उन्होंने बताया कि सावन महिलाओं के लिए सौंदर्य, सामंजस्य और संस्कृति का पर्व है, जिसे महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। प्रतिभागियों ने हाथों में मेहंदी रचाई, पारंपरिक सावन गीत गाए और समूह में नृत्य कर वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। इस अवसर पर विभिन्न खेल स्पर्धाएं भी आयोजित की गईं। इनमें कुर्सी दौड़ में मीना कौर, गुब्बारा फोड़ में उर्मिला, सावन सुंदरी प्रतियोगिता में रीनू कौर ने जीत दर्ज की।

### कोरिया कॉलरी में पेड़ की छंटाई के दौरान हादसा

# ठेका कर्मचारी की मौत, मुआवजे को लेकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर/कोरिया कॉलरी

नगर पालिक निगम चिरमिरी के ठेका कर्मचारी बाबूलाल उम्र 58 वर्ष पेड़ की छंटाई के दौरान गिरने से मौत हो गई। यह हादसा वार्ड क्रमांक 08 निवासी बाला रेड्डी के घर के पास खड़े सूखे पेड़ की छंटाई के दौरान हुआ। मिली जानकारी के अनुसार बाला रेड्डी ने अपने आंगन में लगे सूखे पेड़ की छंटाई के लिए पार्षद से निवेदन किया था।

6 अगस्त को नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और 500 रूपए की रसीद काटकर काम शुरू किया। पेड़ की डाली को रस्सी से खींचते समय असंतुलन हो गया और बाबूलाल नीचे गिर गया। उसके सिर और कमर में गंभीर चोट आई। उसे तुरंत बड़ा बाजार अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में बैकुंठपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां इलाज के दौरान बाबूलाल ने दम तोड़ दिया। मामले की शिकायत सिटी कोतवाली बैकुंठपुर में दर्ज करा दी गई है। इस दौरान भाजपा उपध्यक्ष शैलेश शिवहरे, गौसेवक अनुराग दुबे सहित निगम चिरमिरी के पार्षद सन्नी चौहथा, मो. शाहबुद्दीन, राहुल पटेल, मो. इकराम एवं पूर्व पार्षद प्रताप चौहान मौजूद रहे। नगर पालिक निगम के महापौर रामनरेश राय और निगम आयुक्त लगातार मामले को सुलझाने का प्रयास करते रहे। लगभग तीन घंटे बाद महापौर ने स्थानीय मंत्री श्याम बिहारी से चर्चा कर परिजन को आश्वस्त किया कि तुरंत 1 लाख रूपए की सहायता दी जाएगी और उनके आगमन पर 1 लाख और साथ ही नियमानुसार नौकरी व पेंशन की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए।

**घटनास्थल**



### मुआवजे को लेकर बवाल, सत्ता और विपक्ष आमने-सामने

पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजन को सौंपा गया। इसके बाद मुआवजे को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। विपक्ष की ओर से कांग्रेस पार्षद शहाबुद्दीन ने मृतक के परिवार को 20 लाख रूपए मुआवजा, सरकारी नौकरी और पेंशन की मांग की। वहीं निगम की ओर से तत्काल 20 हजार रूपए और बाद में 2 लाख रूपए मुआवजे की बात कही गई, जिसे परिजन ने नकार दिया। स्थिति तनावपूर्ण हो गई। विपक्ष शव को निगम कार्यालय ले जाकर प्रदर्शन करने की तैयारी में था, वहीं मृतक के परिजन भी उनके साथ सहमत नजर आए।

### दोषी पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

दुख की इस घड़ी में मैं और पूरा निगम परिवार संवेदना व्यक्त करता है, जो भी अधिकारी दोषी होंगे, जांच उपरांत उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-राम नरेश राय**, महापौर नगरपालिक निगम चिरमिरी

### कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए

हम ठेकेदार और निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई चाहते हैं। साथ ही मृतक के परिजन को उचित मुआवजा मिलना चाहिए।

**-शहाबुदीन**, कांग्रेस पार्षद



## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 19 खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले की टीम ने अंबिकापुर में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में गतका और योगा खेलों में जिले के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया।

गतका खेल में कुल 9 प्रतिभागियों में से 7 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर जिले को गौरवान्वित किया। वहीं योगा स्पर्धा में 19 प्रतिभागियों में से 12 खिलाड़ियों ने चयन हासिल कर यह साबित किया कि जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अब ये खिलाड़ी आगामी 10 सितंबर से राजनांदगांव में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस उपलब्धि पर जिले के समस्त खेल अधिकारी-कर्मचारी, कोच, प्रबंधक तथा प्रतियोगियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को तैयार करने तथा मार्गदर्शन प्रदान करने में रणधीर ठाकुर, पूरन कश्यप, श्रीमती सुनीता मिश्रा, कर्मेन्द्र साहू, महेश साहू, नीरज ठाकुर, श्रीमती सुनीता यादव, अनीता तिर्की, विवेक तिवारी एवं विजय मार्को का विशेष योगदान रहा।

## डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रारंभ

बलरामपुर। डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु चतुर्थ चरण (संस्था स्तर) की ऑनलाइन काउंसलिंग 6 अगस्त से प्रारंभ हो गई है। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रामानुजगंज में संचालित इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) प्रवेश हेतु सीजी-पीपीटी 2025 की परीक्षा एवं 10वीं के प्राप्तांक अंक मेरिट लिस्ट का आधार बनाया गया है तथा द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत 12वीं परीक्षा माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड-विश्वविद्यालय से अनिवार्य 3 विषयों के साथ उत्तीर्ण एवं 2 वर्षीय आईटीआई परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं काउंसलिंग 6 से 9 अगस्त तक किया जाएगा। 11 अगस्त को मेरिट सूची का प्रकाशन तथा प्रवेश हेतु 12 अगस्त को संस्था में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस संबंध में तकनीकी शिक्षा संचालनालय की वेबसाइट पर काउंसलिंग के दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

# बिजली बिल हाफ योजना बंद करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना की 400 यूनिट तक की सीमा को समाप्त कर केवल 100 यूनिट तक सीमित किए जाने के विरोध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में आज बिजली कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना की और बिजली विभाग के समक्ष पुतला दहन कर अपना आक्रोश जताया।

यह प्रदर्शन आम जनता पर बढ़ते बिजली बिल के आर्थिक बोझ और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई गई। कांग्रेस का कहना था कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना से प्रदेश के 44 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को राहत मिली थी, लेकिन साय सरकार ने इस योजना को खत्म कर आम जनता के साथ धोखा किया है।



पुतला जलाकर प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण बिजली दरों में लगातार वृद्धि हो रही है, बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। अंत में कांग्रेस पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना को बहाल नहीं किया, तो कांग्रेस सड़क से विधानसभा तक आंदोलन करेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ नेता मुख्तार अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, जिला सदस्य सुरेश सिंह, जनपद सदस्य गणेश राजवाड़े, बिहारी राजवाड़े, भूपेन्द्र यादव, रवि राजवाड़े, सुरेन्द्र तिवारी, दीपक गुप्ता, सुमन दुबे, कृष्ण कुमार राजवाड़े, अविनाश पाठक, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी, रमेश देवांगन, रामसाय सोरी, हीरालाल साहू, मोहनलाल, शशि मांझी अंकित गुप्ता सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनपद अध्यक्ष और भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा



**सोनहत।** जनपद पंचायत की अध्यक्ष आशा सोनपाकर एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े ने विभिन्न ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात किया।

केन्द्र एवं राज्य सरकारों की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में ग्रामीणों से भेंट कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जानकारी ली। इस बीच लोगों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा सोनपाकर लंबे समय से महिला जागृति एवं सामाजिक विकास पर सोनहत क्षेत्र में कार्य करते हुए क्षेत्र का नेतृत्व प्राप्त की है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि हम जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी आप सभी से रू-ब-रू होकर समस्याओं के समाधान का है। भाजपा की सरकार मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छग के विकास के लिए समर्पित है। हम किसी भी स्थिति में विकास की अनदेखी स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि सरकार की नीतियों का लाभ आमजन तक पहुंचाएं, ऐसा हमारा प्रयास रहेगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि हम लगातार आपसे संपर्क और संवाद करेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता आमजन से जुड़कर अंतिम छोर तक विकास की रोशनी पहुंचाएंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री मनोज साहू, सुरेश राजवाड़, मंडल मंत्री भीम राजवाड़े, कोषाध्यक्ष दीपक जायसवाल, भाजयुमो जिला मंत्री रमेश तिवारी, भाजयुमो उपाध्यक्ष दिलीप राजवाड़े, रिकु राजवाड़े, अजजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विक्की सारथी, मुकेश राजवाडे, आईटी सेल अनुज राजवाड़े, संजय मानिकपुरी, विक्की आदि शामिल है।

# शासकीय हाईस्कूल में हर घर तिरंगा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

भारतीय ध्वज तिरंगा राष्ट्र का प्रतीक है। इस 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त, तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक किया जाना है, जो हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित होगा। इसी तारतम्य में छग शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल पिपरिया में तिरंगा यात्रा निकाला गया। प्राचार्य डॉ. विनोद पांडेय ने बताया कि छात्र-छात्राओं के साथ ग्रामवासियों को इस यात्रा का उद्देश्य विस्तार से बताया गया। यह हमारे देश की शान व हमारे स्वतंत्रता का परिचायक है। यह हमारे मजबूत लोकतंत्र को बताता है कि हम सभी भारत के लोग एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विश्वास और धर्म की स्वतंत्रता और अवसर की समानता प्राप्त करने के लिए है, जिससे छात्र-छात्राओं के मन में राष्टÑभक्ति की भावना विकसित हो। भारत सरकार द्वारा चरणबद्ध दिए गए गतिविधियों जैसे समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों आवासीय भवनों में तिरंगा लाईटिंग, रंगोली, सेल्फी जोन एवं तिरंगा फहराना एवं पंपलेट, बैनर, स्टैण्डज आदि के माध्यम से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग कार्यक्रम को सफल बनाने स्थानीय भाषाओं में प्रमुखता से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY NO-4253166 EXNK- स्तानिसलास बरवा पिता स्व. तोबियस बरवा जाति उरांव, आयु 70 साल, ग्राम व पो. एवं थाना बलरामपुर, तहसील बलरामपुर, छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उक्त पते पर स्थाई रूप से निवास करता हूं। मैं दिनांक 01/04/1990 को भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुआ हूं। मेरे सेवा संबंधी उपलब्ध दस्तावेजों में मेरी पत्नि का नाम DOROTHIYA KUJUR के स्थान पर त्रुटिपूर्ण नाम DROTHIA KUJUR व जन्म तिथि 02/12/1962 अंकित है, जिसे सुधार कर वास्तिविक नाम DOROTHIYA KUJUR व वास्तविक जन्म तिथि 19/01/1960 लिखवाना चाहता हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
स्तानिसलास बरवा
पिता स्व. तोबियस बरवा
निवासी- ग्राम व पो. एवं थाना बलरामपुर, तहसील बलरामपुर, छ.ग.

PAWAN CONSULTANCY
MBBS, MS/MD • BDS, MDS • BAMS • BHMS • BNYS • BPT • NURSING • PARAMEDICAL • D. PHARMA • B. PHARMA • M. PHARMA
B. Tech, M. Tech., B. Arch, M. Architecture • AGRICULTURE, FASHION, INTERIOR • ITI, POLYTECHNIC, FILM INDUSTRY • BBA, MBA • LLB, LLM • BCA, MCA • VETERINARY • B.Lib, M.Lib • Nursery to Class 12th (All subject) • All Other (B.A. (Hons.) B.Sc., B.Com, BCA, BJMC) • PHD, NEET, JEE, CAT, PSC, TALLY ADMISSION
We See A DOCTOR In You
Contact for BSC, MSC Nursing Free Admission In New Raipur
Govt./Pvt. Universities & Collages DCA/PGDCA/ Tally Admission with Job Placements
Engineering Pharmacy On Upto 100% Scholarship
Education Loan Facility • On The Spot Admission
Omkar Palace, Kushalpur Chowk, Ring Road-1, Raipur 492001
Shop No. 28, Ground Floor, Hira Arcade, Pandri, Raipur 492004
9993234534, 8305305366

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
डॉ. चेतन चतुर्वेदी — छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में — दिनांक -10 अगस्त 2025 दिन - रविवार
डॉ. शिरीष सिंह — दिनांक - 9, 10 अगस्त 2025, शनिवार, रविवार

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
अम्बिकापुर में... डॉ. आकाश गर्ग
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार — समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ. विनय कुमार
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार — समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल
लेजर के फायदे
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

सरगुजा मार्केट

रांची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
दिनांक 10 अगस्त 2025, दिन - रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
दिनांक - 17 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
डॉ. राहुल कपूर
8225888500, 7240802000
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
डॉ. भुवन शर्मा
MD, DM (Neurology)
लकवा, पैरालिसिस, मिर्गी एवं सिर दर्द का इलाज
दिमागी बुखार, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर रोग)
पार्किंसन बीमारी, गर्दन, बांह और पैरों का दर्द
1.5 Tesla MRI
All Diagnostic Facilites
10 अगस्त 2025, माह के दूसरे रविवार

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग (04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग (02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
जी.एन.एम. नर्सिंग (03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

गुप्त रोग का 100% शर्तिया इलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा इलाज
25 साल से स्थायी
विश्वास औषधालय
मोबा. 7898942870

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हॉस्पिटल, रायपुर
दिनाँक - 24 अगस्त, 2025
निशांत मेडिकोज
पंजीयन हेतु फोन नं. - 7354260555

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मो. 9753266386

## खबर संक्षेप




### विश्व स्तनपान दिवस पर मातृ-शिशु स्वास्थ्य और पोषण पर दिया गया विशेष जोर

**अम्बिकापुर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केंद्र नमनाकला सेक्टर द्वारा सियान सदन में विश्व स्तनपान सप्ताह पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षित, सक्षम और सशक्त बनाना था, साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर करने हेतु स्तनपान, पोषण और संस्थागत प्रसव के विषय में जागरूक करना था। इस अवसर पर गर्भवती और शिशुवती माताओं को 6 माह तक के सतत स्तनपान और पहले पीले गाढ़े दूध (कोलेस्ट्रम) के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही रेडी टू ईट पोषण आहार, तिरंगा भोजन, स्थानीय साग-सब्जियों एवं फलों के सेवन से होने वाले पोषण लाभ पर प्रकाश डाला गया। माताओं को संस्थागत प्रसव हेतु प्रोत्साहित किया गया, जिससे मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी विधिवत रूप से सम्पन्न किया गया। 15 जुलाई से 15 अगस्त प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत विशेष पंजीकरण अभियान की जानकारी दी गई। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति श्रीमती प्रियंका गुप्ता, मिशन शक्ति की जिला समन्वयक श्रीमती नूतन सिन्हा, जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती नीलमणि एक्का, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ श्रीमती नेहा सिंह, पर्यवेक्षक श्रीमती एकता सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### नर्सिंग महाविद्यालय में मनाया गया विश्व स्तनपान सप्ताह



**अंबिकापुर।** शासकीय नर्सिंग कॉलेज में भी विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। प्राचार्य श्रीमती फगनी ठाकुर के नेतृत्व में 1 से 7 अगस्त तक आयोजित जागरूकता अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस कार्यक्रम के दौरान रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई वहीं मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी परिसर में नुक्कड़ नाटक किया गया जिसमें स्तनपान के महत्व आर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात सीएचसी नवापारा में भी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इन नाटकों का उद्देश्य समुदाय के बीच स्तनपान के प्रति जागरूकता फैलाना था। महाविद्यालय में पोस्टर प्रदर्शनी और क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान एवं रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगोलियों और पोस्टरों ने न केवल विषय की गंभीरता को उजागर किया बल्कि स्तनपान को लेकर जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में अंचल के विभिन्न नर्सिंग कॉलेजों ने सहभागिता की और विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में नर्सिंग संकाय, छात्र-छात्राएं एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होंगे सरगुजा के 19 खिलाड़ी



**अंबिकापुर।** पहली सीनियर फास्ट फाइव नेटबॉल स्टेट चैम्पियनशिप में सरगुजा के 19 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि जांजगीर चांपा जिले में पहली सीनियर फास्ट फाइव नेटबॉल स्टेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए सरगुजा से पुरुष वर्ग में आयुष कुमार सिंह, ओम प्रकाश यादव, अमन ठाकुर, ऋतिक राज गुप्ता, कार्तिकेय कुमार सिंह, सर्वेश दुबे, आयुष्मान यादव एवं महिला वर्ग में खुशबू गुप्ता, दिव्यांशी सिंह, नंदिनी, सृष्टि, संजना मिंज, सिमरन भगत, नैन्सी बिंद, रुद्राक्षी जैन, प्रतिक्षा गुप्ता, रजनीकांत, आयुषी, तान्या का चयन किया गया है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया सरगुजा नेटबॉल के खिलाड़ी लगातार जिले व राज्य का नाम रोशन कर रहे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सरगुजा जिले से कुल 19 खिलाड़ी शामिल हो रहे।

## 2 लाख कीमत के 4 हजार 416 नग नशीली कैप्सूल बरामद

# बोरी में भरकर नशीली कैप्सूल खपाने ग्राहक तलाश रहा युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम की बड़ी कार्रवाई

जिले में संभागीय उड़नदस्ता टीम द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई के बाद भी जिले में नशीले इंजेक्शन, कफ सिरप सहित नशीला कैप्सूल खपाने का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा। आलम है कि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कारोबार जारी है। हालांकि संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने हाल ही में कई नशीले के कारोबारियों को पकड़ जेल दाखिल कराया है। आज संभागीय उड़न दस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ बैग में बल्कि बोरी में भरकर नशीला कैप्सूल खपाने ग्राहक की तलाश कर रहे युवक को पकड़ा। टीम ने युवक के पास से 2 लाख कीमत के 4 हजार 416 नग नशीला कैप्सूल जब्त किया। युवक के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



नशीली दवाओं के साथ पकड़ा गया आरोपी।

क्षेत्र में टीम के साथ गश्त कर रहे संभागीय उड़नदस्ता प्रभारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि कलीम अंसारी उर्फ जावेद श्रीगढ़ के मैदान में पंचायत भवन के समीप भारी मात्रा में प्रतिबंधित कैप्सूल लेकर बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर तत्काल आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने श्रीगढ़ मैदान के घेराबंदी की। इस बीच सरकारी वाहन को देख ग्राहक तलाश रहा कलीम उर्फ जावेद बोरा लेकर भागने लगा। संदेह के आधार पर टीम ने उसे दौड़ा कर पकड़ा तो वह अपना नाम कलीम अंसारी उर्फ जावेद बताया। पूछताछ के दौरान वह उड़नदस्ता टीम को गोल मोल जवाब देने लगा। टीम के सदस्यों ने उसके हाथ में पकड़े बोरी की तलाशी ली तो उनके होश उड़ गए। बोरी में भारी मात्रा में नशीला कैप्सूल मिला। जब नशीला कैप्सूल की गिनती किया गया तो 4 हजार 416 नग कैप्सूल होना पाया। जिसकी कीमत 2 लाख रूपए बताई जा रही है। संभागीय उड़न दस्ता की टीम ने नशीला कैप्सूल को जब्त कर आरोपी कलीम अंसारी उर्फ जावेद को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई।। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी एवं नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी एवं नीरज चौहान सक्रिय रहे।

**गढ़वा से लाया था नशीली कैप्सूल**

संभागीय उड़नदस्ता टीम के पूछताछ में आरोपी कलीम अंसारी उर्फ जावेद ने बताया कि वह नशीला कैप्सूल गढ़वा से लाया था। जिसे श्रीगढ़ सहित आसपास क्षेत्र में खपाने की बात बताई। पूर्व में भी पकड़े गए कई आरोपी ने भी गढ़वा से ही नशीले दवाइयां लाने की बात कबूल की थी। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर सहित जिले में अधिकांश नशीली दवाइयां गढ़वा से लाकर खपाई जाती है।

**अब तक की बड़ी कार्रवाई**

नशीले दवाइयां के मामले में संभागीय उड़न दस्ता टीम की यह अब तक सबसे बड़ी कार्रवाई है। कुछ दिन पूर्व ही संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने धौरपुर व लुण्ड्रा क्षेत्र से तीन आरोपियों को पकड़ा था और आरोपियों के पास से नशीले इंजेक्शन, कफ सिरप, व टेबलेट जब्त किया था लेकिन उनकी मात्रा आज पकड़े गए नशीले कैप्सूल से कम था।

**लगातार की जाएगी कार्रवाई**

नशीले कारोबारियों की धरपकड़ लगातार की जाएगी। अब तक कई आरोपियों को पकड़ जेल दाखिल कराया जा चुका है। शहर सहित आसपास क्षेत्र में टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

-रंजीत गुप्ता
सहायक आबकारी अधिकारी



## बिजली बिल हाफ योजना से प्रभावित हो रही प्रदेश की जनता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

बिजली बिल हाफ योजना को घटाकर सिर्फ 100 यूनिट तक किए जाने व 101 यूनिट से बिजली बिल हाफ का लाभ नहीं मिलने को कांग्रेस ने तानाशाहीपूर्ण निर्णय बताया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कहा है कि हमारी कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता को 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना का लाभ दिया था लेकिन अब प्रदेश की सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया है और 100 यूनिट से अधिक बिजली बिल आने पर उपभोक्ताओं को इसका लाभ नहीं मिलेगा। यह निर्णय जनता पर अत्याचार है। सरकार को इस निर्णय को वापस लेना चाहिए। कांग्रेस सरकार के इस निर्णय के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी।

जिलाध्यक्ष श्री पाठक गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होने कहा कि हमारी सरकार में विद्युत दरों को स्थिर रखा गया और बिजली बिल हाफ का लाभ दिया गया इसके बाद भी विद्युत कंपनी फायदे में थी लेकिन अब अव्यवस्थाओं के कारण कंपनी घाटे में चल रही है और हम इसकी निंदा करते है। जब प्रदेश को ग्रीन एनर्जी देने की तैयारी की जा रही है तो फिर हसदेव जंगल को क्यों उजाड़ा जा रहा है। बड़े पैमाने पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है। उपभोक्ता संशय की स्थिति में है। पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है कि बिजली बिल हाफ योजना में संशोधन से बहुसंख्यक वर्ग प्रभावित नहीं हो रहा है। सिर्फ सरगुजा में ही 60 हजार से अधिक उपभोक्ता ऐसे होंगे जिनका विद्युत बिल 100 यूनिट से अधिक आता है और अब उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। हम सौर ऊर्जा के खिलाफ नहीं है। कहा जा रहा है कि सूर्य घर योजना से लाभ होगा लेकिन जनता को इसके लिए समय देने की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि इस योजना में केंद्र और राज्य दोनों की सब्सिडी है लेकिन प्रदेश में यदि अब तक किसी भी हितग्राही को राज्य की ओर से सब्सिडी मिल गई होगी तो कांग्रेस माफी मांगने को तैयार है। अब तक ढाई सौ लोगों ने सूर्य घर योजना लिया लेकिन किसी को भी राज्य की सब्सिडी नहीं मिली। सरकार अगर सोलर प्लेट लगाना चाहती है तो हाइब्रिड यूनिट लगाने की अनुमति दे। इसके साथ वेंडर्स के साथ रेट कांट्रैक्ट किया जाए क्यों कि वर्तमान में दुकान संचालक मनमानी दर बता रहे है। हम योजना के खिलाफ नहीं लेकिन इसे व्यवस्थित तरीके से लागू किया जाना चाहिए। वरिष्ठ नेता जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार कहती है बिजली की दर बढना जनहित का कार्य है और इसे एक अजूबे के रूप में दर्ज किया जाना चाहिए। इस योजना से प्रदेश की 95 प्रतिशत जनता प्रभावित हो रही है। प्रत्येक परिवार पर इसका भार पड़ेगा। पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की ने कहा कि जब बिजली बिल में प्रति यूनिट वृद्धि कर दी गई थी तो फिर बिजली बिल हाफ योजना घटनाकार 100 यूनिट तक करने की क्या जरूरत थी। केंद्र और राज्य की सरकार फेल हो गई है और उन्हें यह स्वीकार कर लेना चाहिए। किस तरह जनता को राहत पहुंचाया जाए सरकार को इस दिशा में काम करना चाहिए। इस दौरान हेमंत सिन्हा, मदन जायसवाल, विनोद एक्का, हिमांशु जायसवाल, आशीष जायसवाल, शुभम जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## बाल संसद मंत्रिमंडल को दिलाई गई शपथ, अभिषेक बने शाला पीएम

**लखनपुर।** जुनाडीह स्थित विद्या ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में विभिन्न वर्ग में चुनाव संपन्न होने के बाद बाल संसद मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिस्टर ट्रीजा जोश, विशिष्ट अतिथि सिस्टर अनारीटा वर्गीश, प्राचार्य जयंती बड़ा, प्रधान पाठक फादर एलियस बेक सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। अतिथियों ने दीप जलाकर बाल संसद मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साला प्रधानमंत्री अभिषेक कुजूर, शाला उप प्रधानमंत्री रितेश लकड़ा, अनुशासन मंत्री जयंती केरकेट्टा, शाला उप



अनुशासन मंत्री वसुंधरा किस्पोट्टा, शिक्षा मंत्री रितेश यादव, उप शिक्षा मंत्री विभूति मिंज, खेल मंत्री विकास तिग्गा, उप खेलमंत्री काजल लकड़ा, सफाई मंत्री रेणुका केरकेट्टा, उप सफाई मंत्री यांत्रिका सिंह, स्वास्थ्य मंत्री अनिता पण्डो, उप स्वास्थ्य मंत्री सरिता एक्का, सांस्कृतिक मंत्री जसी मिंज, उप सांस्कृतिक मंत्री अर्पणा मिंज, शाला नायक और नायिका को शपथ दिलाई गई। अतिथियों ने मंत्रिमंडल के प्रधानमंत्री और मंत्रियों को पट्टा पहना बैच लगाकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

## कमलपुर स्थित गौचर भूमि को फर्जी तरीके से विक्रय करने मामले की कलेक्टर से शिकायत

**बिश्रामपुर/मदनपुर।** लटोरी तहसील अंतर्गत ग्राम कमलपुर में शासकीय गौचर भूमि की अवैध बिक्री का मामला प्रकाश में आया है। कथित रूप से उक्त फर्जीवाड़े के मामले में सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप जांच पड़ताल कर कार्यवाही की मांग की गई है।

ग्राम कमलपुर निवासी शुभम अग्रवाल ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि ग्राम कमलपुर स्थित खसरा नंबर 1 रकबा 19.16 हेक्टेयर की गौचर भूमि जो वर्ष 2000 के आसपास भूमिहीन परिवारों को शासकीय पट्टे पर आबंटित की गई थी, जिसे छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (1), (7), (9) और (10) का उल्लंघन करते हुए बिना कलेक्टर की अनुमति के विक्रय कर दिया गया है।आरोप यह भी है कि हल्का पटवारी द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से चौहद्दी बनाकर उक्त भूमि को पहले अंकित दुबे के नाम हस्तांतरित किया गया,जिसे बाद में पुनः किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया गया है।यह भूमि सामुदायिक पशुचारण के लिए आरक्षित थी, लेकिन इसे निजी स्वार्थ के लिए फर्जीवाड़ा कर हथिया लिया गया है।शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि तहसीलदार लटोरी को इस गड़बड़ी की पूरी जानकारी थी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की।

शुभम अग्रवाल ने कलेक्टर से मांग की है कि उक्त भूमि को पुनः गोचर मद में दर्ज किया जाए और दोषी अधिकारियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि इन दिनों पुनर्वास व शासकीय भूमि के फर्जीवाड़े की लगातार शिकायतें मिल रही है जिसमें प्रशासनिक अधिकारीयों की मिलीभगत भी उजागर हो रही है।




## लायंस क्लब सरगुजा का हुआ शपथग्रहण समारोह

**अम्बिकापुर।** लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के लायंस क्लब अम्बिकापुर सरगुजा का भव्यता के साथ शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता और स्वागत वर्तमान अध्यक्ष डॉ योगेंद्र सिंह गहरवार ने की शपथ अधिकारी पवन मलिक वाइस गवर्नर द्वितीय सतना द्वारा पद एवं कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई जिसमें अध्यक्ष डॉ यशवर्धन सिंह चौहान, उपाध्यक्ष डॉ अर्पण सिंह चौहान, डॉ. हरप्रीत सिंह टुटेजा, डॉ साकेत जैन, सचिव अनुज प्रसाद सिंह, सह सचिव, नीरज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बृजेन्द्र पाठक , टेमर नरेश अग्रवाल,टेल ट्विस्टर पी.एन. पांडे, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर अनिल शुक्ला, पी.आर. ओ. दीपक अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ जीडी सिंह, डॉ पीके श्रीवास्तव, डॉ इशरार अहमद खान सूरी, सुमन सिंह, पी.के.गोयल, एलपी गुप्ता, त्रिलोचन सिंह बाबरा, डॉ. संयुक्ता जैन, आशीष गुहा, शिवानी सिंह, डॉ अपेक्षा सिंह गहरवार और लायंस क्लब अम्बिकापुर की सदस्या डॉ. रीतेश गुप्ता ,डॉ मनीष गुप्ता ,केके सिंघल बिश्रामपुर ने ग्रहण की अध्यक्ष यशवर्धन सिंह ने आगामी सत्र की कार्ययोजना से अवगत कराया जिसमे मेगा कैंसर डिटेक्टिव शिविर, सिकलसेल एनीमिया शिविर, हेल्थ ओर डेंटल चेकअप शिविर, ट्रैफिक अवेयरनेस कार्यक्रम, फ़ूड फ़ॉर हंगर पर कार्य और सम्मान के क्षेत्र में, राष्ट्रीय कार्यक्रमों के क्षेत्र में कार्यों से अवगत कराया और सभी के सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ ऑनर पूर्व गवर्नर डॉ जीडी सिंह ने लायंस के विश्वव्यापी सेवा कार्यों की और लायंस क्लब द्वारा किस तरह लीडरशिप डेवलप होती है किस तरह मैत्री, विश्व बंधुत्व की भावना का निर्माण होता है इससे अवगत कराया। शिशु रोग विशेषज्ञ और पूर्व चाईल्ड एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ .पीके श्रीवास्तव ने जीवन में सेवा कार्य क्यों जरूरी है इसे सारगर्भित रूप से समझाया। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट और लिनेस की मल्टिपल प्रेसिडेंट लायन सुमन सिंह ने और रीजन चेयरमेन पवन अग्रवाल ने भी संबोधित किया। सभी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया ।



## खबर संक्षेप

### अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के छात्रों हेतु केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना

**अम्बिकापुर।** आईआईपीएमबी स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रमों और अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की उपलब्धता के बारे में प्रयासरत है। आईआईपीएमबी भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत एवं स्वायत्त संगठन है, जो कृषि व्यवसाय, वस्तुओं, पौधरोपण और संबंधित क्षेत्रों पर केंद्रित है। यह संस्थान तीन 24 मरह के एआईसीटीई अनुमोदित पीजीडीएम कार्यकम प्रदान करता है। कृषि व्यवसाय एवं पौधरोपण प्रबंधन, खाद्य प्रसंस्करण एवं व्यवसाय प्रबंधन, और अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए केन्द्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति हेतु मान्यता प्राप्त है। आईआईपीएमबी इन कार्यक्रमों के लिए शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

### सभी थानों में ई-समन प्रणाली शुरू अब समन तामील में नहीं होगी देरी

**सूरजपुर।** जिले की पुलिस समंस तामील अब डिजिटल रूप से करेगी। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले के सभी थानों में ई-समन प्रणाली शुरू हो गई है। इसके लिए थानों के समन वारंट मुंशी और मददगारों की विशेष बैठक जिला पुलिस कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में ऑनलाइन समन-वारंट की तामील कराने की प्रक्रिया को सफल संचालन की समीक्षा की गई। नई व्यवस्था में कोर्ट से थानों तक समन और वारंट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजे जाएंगे। पुलिस डिजिटल माध्यम से ई-समन की तामील करा सकेगी। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि नवीन कानून में डिजिटल माध्यम से समंस तामील कराने का प्रावधान है। ई-समन प्रणाली डिजिटल पोर्टल आधारित सेवा है। पहले समन और वारंट की तामील में कई दिन लगते थे। थाने तक समंस पहुंचाने में विलंब होता था। नई व्यवस्था में तामील प्रक्रिया की जानकारी हर स्तर पर ऑनलाइन अपडेट होगी। इससे न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी। अधिकारियों की जवाबदेही बढ़ेगी। समन तामील की प्रक्रिया अब हफ्तों की बजाय कुछ घंटों या दिनों में पूरी होगी। न्यायालय की सुनवाई में अनावश्यक देरी नहीं होगी।

### ग्राम बैजनपाठ में आयोजित चौपाल में पेंशन की मांग का निराकरण

**सूरजपुर।** जनपद पंचायत ओड़गी अंतर्गत वनांचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोहिर के आश्रित ग्राम बैजनपाठ में मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाटले द्वारा चौपाल का आयोजन किया गया था। चौपाल के दौरान क्षेत्रीय निवासियों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित सुझाव एवं आवेदन प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर फूल बसिया पंडो एवं गोलर पंडो द्वारा वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। विजेन्द्र सिंह पाटले द्वारा आवेदन का त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। परिणामस्वरूप एक दिवस के भीतर ही आज आवेदक के पेंशन प्रकरण को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

### ग्राम पंचायत में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से 1 लाख की ठगी

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत में नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवक से एक लाख की ठगी किया गया। पीड़ित युवक ने ठगी करने वाले के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर थाना प्रभारी से शिकायत की है। थाना अंतर्गत ग्राम खोरमा कैराडांड निवासी सूर्यकांत सिंह आ. शंकर सिंह ने प्रतापपुर थाना प्रभारी से शिकायत किया है कि उसे ग्राम पंचायत में नौकरी दिलाने के नाम पर 1 लाख की ठगी की गई है। पीड़ित ने थाना प्रभारी को बताया कि 15 जनवरी को प्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम दरहोरा निवासी धर्मजीत राजवाड़े ने उसे ग्राम पंचायत में किसी पद पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया और नौकरी के एवज में 1 लाख रुपए की मांग की। पंचायत में नौकरी लगने झांसे में आकर उसे कई बार में फोन पे के माध्यम से 60 हजार तथा नगद 40 हजार रुपए दिया। पैसा देने के बाद न तो आज तक नौकरी लगी और न ही उसने पैसा वापस लौटाया। पीड़ित ने ठगी करने वाले के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने तथा दिए गए राशि को वापस दिलाने की मांग की है।

### फांसी लगाने से गंभीर युवती की गई जान

**अम्बिकापुर।** फांसी लगाने से गंभीर युवती की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर क्षेत्र के भगवानपुर खुर्द निवासी अनिता अगरिया आ. मनोज नायक (16 वर्ष) सुबह घर का दरवाजा अंदर से बंद कर फांसी लगा ली। घटना की जानकारी लगने परिजन घर के छप्पर हटा कर युवती को फांसी से उतार तत्काल उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पेज 1 के शेष...

### अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल...

आस्था एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है। इस परियोजना से मध्य एवं दक्षिण छत्तीसगढ़ के लोगों को भी कम समय में यात्रा करने का लाभ मिलेगा। अपना दुराग्रह छोड़कर मुख्यमंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधियों को इसे आगामी बजट में शामिल करने की पहल करनी चाहिए। साहित्यकार दिवाकर शर्मा ने अम्बिकापुर-रेणुकूट परियोजना के फाइनल लोकेशन सर्वे के अनुसार लाभ, दूरी एवं उपयोगिता की जानकारी दी। रेल संघर्ष समिति के सदस्य मुकेश तिवारी ने कहा कि सरगुजा की आवश्यकता के अनुसार रेलवे ने एक परियोजना को स्वीकृति देने की बात कही है। हम सभी को इस परियोजना को आम बजट में शामिल करने के लिए हर संभव प्रयास करने की आवश्यकता है।

## डीएमएफ फंड से हो रहा था संचालन

# राशि के अभाव में पोषण पुनर्वास केन्द्र में 6 महीनों से लटक रहा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

**खास बात**
- कर्मचारियों का वेतन एवं प्रोत्साहन राशि का नहीं हुआ भुगतान

राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण दूरस्थ विकासखण्ड ओड़गी के एकमात्र पोषण पुनर्वास केन्द्र में पिछले 6 महीनों से ताला लटक रहा है। विभाग द्वारा पुनर्वास केन्द्र में कार्यरत कर्मचारियों का जुलाई 2024 के बाद न तो वेतन का भुगतान किया गया है न ही परिजन को प्रोत्साहन राशि का विभाग के अधिकारी यह भी नहीं बता पा रहे हैं कि पुनर्वास केन्द्र दोबारा कब प्रारंभ किया जाएगा।

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में जागरूकता के अभाव एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में कमी होने के कारण बच्चों में बढ़ती कुपोषण की समस्या बड़ी समस्या बन गई है। कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए विभाग उपचार के लिए परिजन को जिला अस्पताल ले जाने की सलाह देते थे लेकिन गरीबी एवं जिला मुख्यालय की अधिक दूरी होने के कारण परिजन कुपोषित बच्चों का उपचार कराने में रूचि नहीं लेते थे। स्थिति को देखते हुए प्रशासन द्वारा 10 जनवरी 2022 को बिहारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केन्द्र प्रारंभ किया गया। प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद से पुनर्वास केन्द्र का संचालन किया जा रहा था। केन्द्र प्रारंभ होने के बाद दूरस्थ क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों के कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उपचार एवं पोषक भोजन द्वारा उन्हें सुपोषित बनाया गया। पोषण पुनर्वास केन्द्र कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने की दिशा में बड़ी उपलब्धि साबित हुआ। कुपोषित बच्चों में उपचार के बाद आए बदलाव से क्षेत्रवासी पुनर्वास केंद्र को क्षेत्र की बड़ी जरूरत मान रहे थे।

वर्ष 2024 के अंत में पुनर्वास केंद्र को दी जा रही राशि में कमी होने लगी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने जैसे-तैसे उधार लेकर कुछ महीनों तक केंद्र का संचालन किया। डीएमएफ की राशि बंद होने एवं भविष्य में राशि उपलब्ध होने की उम्मीद खत्म होने के बाद अधिकारियों ने 5 फरवरी को केंद्र के कर्मचारियों के सोशल मीडिया ग्रुप में एक संदेश जारी कर पुनर्वास केन्द्र को बंद करने की घोषणा कर दी। तब से पुनर्वास केन्द्र में ताला लटक रहा है। क्षेत्र के कुछ जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर जनदर्शन में केंद्र को पूर्व की तरह संचालित करने की गुहार लगाई लेकिन पुनर्वास केन्द्र का ताला अब तक नहीं खुल सका है। पोषण पुनर्वास केन्द्र बंद होने से क्षेत्र में कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने की योजना ठप हो गई है।



बंद पुनर्वास केन्द्र।

### कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

पुनर्वास केन्द्र के बंद होने से केंद्र में काम कर रहे कर्मचारी अपने भविष्य को लेकर काफी चिंतित है। आवश्यकता के अनुरूप राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण विभाग ने जुलाई 2024 से कर्मचारियों का वेतन भुगतान करना बंद कर दिया। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारी शीघ्र राशि उपलब्ध होने की उम्मीद में जैसे-तैसे केन्द्र का संचालन करते रहे। वरिष्ठ अधिकारियों को बार-बार स्थिति से अवगत कराने के बावजूद जब वित्तीय स्थिति नहीं सुधरी तो आनन-फानन में केंद्र को बंद कर दिया गया। पुनर्वास केंद्र में कार्यरत 6 कर्मचारियों को जुलाई 2024 से फरवरी 2025 का वेतन भुगतान नहीं किया गया है। कर्मचारियों द्वारा वेतन मांगने पर अधिकारी राशि उपलब्ध नहीं होने एवं राशि मिलते ही वेतन भुगतान करने का आश्वासन देकर विदा कर देते हैं। स्थिति से केंद्र के कर्मचारी हतोत्साहित है।

### नहीं मिली प्रोत्साहन राशि

पोषण पुनर्वास केन्द्र खुलने के बाद क्षेत्र के 185 कुपोषित बच्चों का उपचार किया गया साथ ही लगभग 40 हितग्राहियों को 2250 रूपए की दर से प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया किया। शेष हितग्राहियों को अब तक प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है। हितग्राही विभाग के अधिकारियों पर प्रोत्साहन राशि हड़पने का आरोप लगा रहे हैं जबकि अधिकारी राशि के अभाव में प्रोत्साहन राशि का भुगतान लंबित होने की बात कह रहे हैं। यह भी चर्चा है कि अंतिम दौर में राशि उपलब्ध नहीं होने पर उधार में खाद्य सामग्री खरीदकर कुपोषित बच्चों एवं उनकी माताओं को भोजन उपलब्ध कराया। भुगतान में विलंब होने पर व्यवसायी अधिकारियों को परेशान करने लगे तो अधिकारियों ने स्वयं भुगतान कर अपना पीछा छुड़ाया।

### भेजा गया है प्रस्ताव

वरिष्ठ कार्यालय को अनेकों बार प्रस्ताव भेजकर स्थिति से अवगत कराया गया है। अभी तक शासन से राशि उपलब्ध नहीं हुई है। राशि के अभाव में कर्मचारियों का वेतन एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान लंबित है। टीम गठित कर प्रोत्साहन राशि भुगतान की जांच कराई जा रही है।

-बंटी बैरागी, बीएमओ
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिहारपुर



**अम्बिकापुर।** पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री सीबू सोरेन को श्रद्धांजली दी है। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत रांची स्थित झारखण्ड के मुख्यमंत्री निवास पहुंच पूर्व मुख्यमंत्री स्व.सीबू सोरेन को अपनी श्रद्धांजलि दी। श्री भगत मुख्यमंत्री आवास पहुंच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उनके पिता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। पूर्व मुख्यमंत्री सीबू सोरेन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया।

## केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**राजपुर।** मेरा रेशम मेरा अभिमान के अंतर्गत केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा शहतूत रेशम केंद्र, राजपुर में शहतूत रेशम कीट पालन से संबंधित प्रशिक्षण किसानों को दिया गया जिसमें लगभग 50 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में केंद्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक डा विनोद सिंह ने किसानों को शहतूत नर्सरी, पौधारोपण, पौधों का रख रखाव और पौधों को होने वाली बीमारी और बचाव के बारे में बताया साथ ही कीट पालन से संबंधी विभिन्न जानकारियां किसानों को दी । कार्यक्रम में जिला सरगुजा के उप निदेशक रेशम इंद्र किशोर बागरी भी उपस्थित रहे उन्होंने सभी किसानों को प्रशिक्षण में पूरी तरह से सम्मिलित होने के लिए कहा और केंद्रीय रेशम बोर्ड का इस तरह के आयोजन करने के लिए सदस्य सचिव की सराहना की । कार्यक्रम में सहायक संचालक रेशम जिला बलरामपुर सुश्री लक्ष्मी बुनकर के द्वारा सभी किसानों और केंद्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक और उप निदेशक को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।



## मानसून ब्रेक, हिमालय की तराई में पहुंची मानसून द्रोणिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- दिन के पारा में 5 डिग्री की वृद्धि, उमस से बढ़ी परेशानी

मानसून द्रोणिका खिसककर हिमालय की तराई की ओर चली गई है जिससे सरगुजा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में मानसून ब्रेक की स्थिति निर्मित हो गई है। अब बंगाल की खाड़ी में हलचल होने के बाद ही मानसून द्रोणिका के अपनी सामान्य स्थिति में लौटने की संभावना है।

मानसून की दस्तक देने के बाद से ही शहर सहित पूरे संभाग भर में लगातार वर्षा हो रही थी। इस बीच कई बार भारी वर्षा भी हुई जिसके कारण नदी-नालों में बाढ़ आने की स्थिति निर्मित हुई तथा जनजीवन प्रभावित रहा। लम्बे अर्से के बाद इस बार मानसून की ऐसी सक्रियता देखने को मिली। पूर्व में जून के महीने में कुछ दिन बरसने के बाद मानसून द्रोणिका हिमालय की तराई की ओर खिसक जाती थी। कुछ अंतराल के बाद द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति में लौटती थी तथा फिर से वर्षा का क्रम शुरू होता था। चार महीनों के वर्षा काल में 2-3 बार ऐसी स्थिति निर्मित होती थी। इस बार मानसून द्रोणिका के अपनी सामान्य स्थिति में स्थित होने के कारण 3 अगस्त तक लगातार वर्षा होती रही। मानसून द्रोणिका के ऊपर खिसकने के कारण पिछले तीन दिनों से धूप निकल री है जिससे उमस बढ़ गई है। धूप निकलने से दिन के तापमान में 5.0 डिग्री वहीं रात के तापमान में 2.0 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। तीन दिन पूर्व अधिकतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस रहा था जो बढ़कर गुरूवार को 31.8 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 22.0 डिग्री से बढ़कर 24.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। मौसम विज्ञानी एमपी के ऊपर से गुजर रही एक अन्य द्रोणिका एवं स्थानीय प्रभाव से गरज-चमक एवं तेज हवा के साथ छिटपुट वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि मानसून द्रोणिका के हिमालय की तराई की ओर पहुंचने के कारण उत्तरप्रदेश एवं बिहार के कुछ क्षेत्रों में वर्षा हो रही है जबकि छत्तीसगढ़ में स्थानीय प्रभाव से छिटपुट वर्षा हो रही है। खाड़ी में हलचल शुरू होने के बाद मानसून द्रोणिका के सामान्य स्थिति में लौटने पर फिर से मौसम में बदलाव आने एवं अच्छी वर्षा होने की संभावना है।

### सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** मछली मारकर पैदल घर आ रहे ग्रामीण को जहरीले सांप ने काट लिया। धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम पडोली निवासी रामवृक्ष आ. स्व. बीना राम अगरिया (68 वर्ष) 5 अगस्त को मछली मारने गागर नदी गया था। जहां से वापस लौटते समय रास्ते में जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन वृद्ध को धौरपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## हेल्थ प्लस

### आनंद ऑटोमोबाइल्स में विदा वीएस 2 की लॉन्चिंग

**अम्बिकापुर।** आनंद ऑटोमोबाइल्स में वीएक्स 2 लांचिंग की गई। विदा वीएक्स 2 दो वेरिएंट और सात रंगों में उपलब्ध है। वीएक्स 2 प्लस में 3.4 केवी की डबल बैटरी, पीएमएसएम मोटर, सिंगल सीट, बड़ा डिस्प्ले 4.3 इंच टीएफटी के साथ, 80 किमी प्रति घंटा की टॉप स्पीड, 3 मोड़ रिमवेबल बैटरी, 142 किलोमीटर की आईडीसी रेंज, फूल एलईडी लाइट, 33.2 लीटर का बूट स्पेस, आइपी 67 बैटरी रेटिंग के साथ ड्रम एवं डिस्क ब्रेक के साथ उपलब्ध है। समारोह में मुख्य अतिथि निलेश रंजन श्रीवास्तव, शहजाद अहमद, विनोद गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, विष्णु गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, गरूड़ध्वज गुप्ता, नितिन गुप्ता, राजू स्वर्णकार, पवन अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, गुरूचरण सिंह छाबड़ा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। लॉन्चिंग के दौरान राजेश चौरसिया, रंजना, सुमित कुमार तिवारी, नीरज कुमार गुप्ता, संतोषी राजवाड़े को विदा वीएक्स 2 की डिलीवरी दी गई।






### अनोखी सोच संस्था के सदस्यों ने कराया बैंड कलाकार रामलाल का अंतिम संस्कार

**अम्बिकापुर।** रामलाल एक अनजान कलाकार जो जीवन भर लोगों की जिंदगी में खुशियां बिखरने का काम अपने बैंड बाजा के माध्यम से करता रहा लेकिन अंतिम समय में स्वयं अकेला पड़ गया। विगत दिनों बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद रामलाल कोमा में चला गया। रामलाल के पड़ोसियों द्वारा अनोखी सोच संस्था से संपर्क करने पर संस्था द्वारा आगे इलाज के लिए रायपुर भेजने में रामलाल की मदद की गई। अस्पताल में जिंदगी के लिए संघर्ष करते हुए अंततः रामलाल की मृत्यु हो गई। आज अनोखी सोच संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों ने मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कराया।जोड़ा तालाब के समीप रहने वाले रामलाल की जो एक बैंड पार्टी में वर्षों से बाजा बजाने का काम करता रहा था लेकिन उसकी मृत्यु के पश्चात धन और साधनों के अभाव में अंतिम संस्कार का कार्य भी कठिन हो गया था। ऐसी स्थिति में अनोखी सोच संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू ने एक दिवंगत कलाकार के प्रति अपनी संवेदनाएं दिखाते हुए रामलाल के अंतिम संस्कार का जिम्मा लिया। अनोखी सोच संस्था विगत कुछ वर्षों से गरीब, बेसहारा, अनाथ, अनजान और असक्षम लोगों की मृत्यु पर हमेशा उनके अंतिम संस्कार का कार्य विधि विधान से करती रही है । आज जोड़ा तालाब स्थित घर से बड़ी संख्या में अनोखी सोच के सदस्य मुक्ति वाहन में रामलाल के शव को लेकर शंकर घाट के मुक्तिधाम तक अंतिम यात्रा के रूप में लेकर गए। वहां संस्था द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ कर रामलाल का अंतिम संस्कार कराया गया। मुखाग्नि रामलाल के नाती प्रेम बारी ने दिया। उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## हाई पॉवर कमेटी से निर्धारित वेतन से नहीं देना एक रुपया कमीशन : मरावी

**मानीचौक।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के एमडीओ मोड में संचालित होने वाली पहली खदान केतकी कॉल माइंस में ठेकेदारों की मनमानी से श्रमिक परेशान है। जिसकी शिकायत कई बार प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह से की गई। मजदूरों की शिकायत पर आज तड़के 6 बजे विधायक केतकी खदान पहुंचे और ठेका मजदूरों से चर्चा की और कहा कि हाई पॉवर कमेटी से निर्धारित वेतन का एक रूपए भी कमीशन नहीं देना है।

मजदूरों ने बताया कि ठेकेदार को पैसा वापस नहीं करने से काम से बैठा दिया जाता है जिस कारण उन्हें मजबूर होकर अपना कमाया हुआ पैसा वापस करना पड़ता है। साथ ही बताया कि एसकेएमपीएल से अनुबंधित ठेकेदारो द्वारा ठेका श्रमिकों के खाता में एसईसीएल के हाईपॉवर कमेटी से निर्धारित दैनिक वेतन लगभग 1385 रुपए डालकर ठेकेदार अपने मुनिमों के माध्यम से श्रमिकों को रोजाना का 900 रुपए देकर बाकी पूरा पैसा वापस ले लिया जाता है। जिस पर प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह ने सभी मजदूरों को समझाइश दिया कि अपने कमाई का पैसा किसी को भी एक रुपया अपने खाता से निकालकर देने की जरूरत नहीं है जितना आपके खाते में पैसा डाला जाता है वह सब आपके खून पसीने की कमाई का पैसा होता है। आप लोग हाई रिस्क लेकर खदान के नीचे घुस देश को कोयला आपूर्ति करने का काम कर रहे है, इस कारण आपलोग के लिए हाईपॉवर कमेटी ने एसईसीएल कंपनी के एक कैटगरी के कर्मचारियों को देने वाला वेतन के समतुल्य वेतन चुना है जिसमें सिर्फ आपका अधिकार है। किसी के धमकी से भी डरने की जरूरत नहीं है अगर कोई भी ठेकेदार बेवजह किसी को काम से बैठाता है तो मेरे से सीधे संपर्क करे ताकि उस पर लीगल एक्शन लिया जा सके। विधायक ने कहा कि पिछले महीना जुलाई का पेमेंट आपके खाते में डालने वाले है जिस पर किसी द्वारा पुनः पैसों की मांग न किया जाए। ठेकेदारों की मुनिमों को फटकार लगाते हुए कहा कि अगर मजदूरों से पैसा वापस लेने की कोई दुस्साहस किया तो एरिया से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा।



## सावन केवल ऋतु नहीं, नारी शक्ति का उत्सव है

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सावन मास की हरियाली और उत्सव के बीच महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के पिलखा डेम में सावन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में भटगांव की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पिलखा डेम को पारंपरिक हरे रंगों और फूलों से सजाया गया था, जो सावन की रौनक को और भी निखार रहा था।

कार्यक्रम केवल सांस्कृतिक नहीं, बल्कि पिलखा डैम को पर्यटन के रूप में विकसित और सशक्तिकरण का भी मंच बना। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सावन केवल एक ऋतु नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सामाजिक एकता और नारी शक्ति का उत्सव है। उन्होंने पत्रकारिता में महिलाओं की भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज महिलाएं सिर्फ खबर देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज को दिशा देने, पीड़ितों की आवाज़ बनने और नीति निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। महतारी वंदन योजना के तहत 69 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। अब तक 18 महीनों में 11,728 करोड़ रुपये की राशि महिलाओं को दी जा चुकी है।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
ऑफर केवल 10 अगस्त तक: 18.08.2025
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम् धाम यात्रा
09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411